श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
18.08.2026
श्रावण शुक्लपक्ष षष्ठी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 353

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

तीसरी सोमवारी पर शिवालियों में उमड़ी भीड़ >> पेज 03
बरुन सोबती के नए प्रोजेक्ट 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' >> पेज 05

## सुविचार

अगर आप चढ़े नहीं तो गिर नहीं सकते। लेकिन पूरी ज़िंदगी जमीन पर रहने में कोई खुशी नहीं है।

## न्यूज अपडेट्स

### एलबी सिंह के साले से पूछताछ आज

**रांची।** कोयला कारोबारी एलबी सिंह के साले रंजीत कुमार सिंह से मंगलवार को पूछताछ होगी। ईडी ने रंजीत सिंह को मंगलवार को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था। रंजीत सिंह से पूछताछ के बाद एलबी सिंह के भाई विश्व विजय सिंह से पूछताछ होगी। विश्व विजय सिंह से पूछताछ के बाद एलबी सिंह की पत्नी आरती सिंह से पूछताछ होगी। विश्व विजय को 19 अगस्त और आरती सिंह को 20 अगस्त को हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। ईडी ने कोयला घोटाले में छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज की प्रारंभिक जांच के बाद इन्हें समन जारी किया है। साथ ही उन्हें अपनी और पारिवारिक सदस्यों की संपत्ति सहित अन्य ब्योरा लाने का निर्देश दिया है। दूसरे चक्र की छापेमारी के दौरान ईडी ने 160 करोड़ रुपये के निवेश को फ्रीज किया था और 200 से अधिक सेल डीड जब्त किया था।

### टीएसपीसी एरिया कमांडर मोछू गिरफ्तार

**चतरा।** लंबे समय से फरार चल रहे प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रिय एरिया कमांडर लक्ष्मण गंझू उर्फ मोछू उर्फ लखन गंझू को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्मण श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने गांव लावालौंग थाना क्षेत्र के पारामातु पहुंचा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया।

**बड़ा फैसला** — टीडीपीएल की ओर से 2014 से अब तक ली गयीं सभी परीक्षाओं की होगी जांच

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द

बंशीधर न्यूज



**रांची।** छात्रों के आंदोलन के 24वें दिन राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए टीडीपीएल की ओर से ली गई जेपीएससी-जेएसएससी की सारी परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की मंत्रियों के विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके अलावा जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा को भी रद्द करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने 14वीं जेपीएससी पीटी के अलावा बैकलॉग 2023 और 2025 परीक्षा को रद्द करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ है और उनकी मांगों पर विचार करने के पश्चात यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए गठित एसआईटी और सीआईडी की अब तक रिपोर्ट के अनुसार कुछ चीजें ऐसी आई हैं जिनसे गड़बड़ी के संकेत मिले हैं। जेपीएससी पीटी में पकड़े गए छात्र की सीजीएल में भी भूमिका पाई गयी है। ऐसे में सरकार ने सीजीएल को रद्द करने का निर्णय लिया है।

आइएएस अमिताभ कौशल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जेपीएससी जेएसएससी के रिफॉर्म के लिए कमेटी का गठन किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले से ही एसओपी बनी हुई है, यदि उसका पालन किया गया होता तो ऐसी परिस्थिति नहीं होती। इसके अलावा राज्य सरकार ने इसमें सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगा है, उसे भी बाद में समाहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 2014 से अब तक हुई सभी परीक्षाओं की जांच कराने का निर्णय लिया है और इसको लेकर कार्रवाई की जा रही है. छात्रों की मांग पर सरकार के द्वारा गठित मंत्रियों की कमेटी ने पिछले दिनों कई दौर की वार्ता भी की थी. जिसमें सीजीएल परीक्षा को लेकर या अन्य परीक्षा की जांच सेवानिवृत हाई कोर्ट के जज से कराने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सीजीएल परीक्षा को भी रद्द किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात की भी घोषणा की कि पिछले दिनों जिस तरह से केंद्र सरकार ने माइंस एंड मिनिरल डेवलपमेंट एक्ट में संशोधन कर खनिज पर राज्य को मिलने वाले सेस की शक्ति छीन ली है, उसको लेकर बहुत जल्द विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा और अलग से इसपर बैठक होगी।

### टीडीपीएल ने ली हैं ये परीक्षाएं

14वीं जेपीएससी सिविल सेवा पीटी परीक्षा।
झारखंड पात्रता परीक्षा (जेट)।
सहायक लोक अभियोजक।
इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज।
सिविल जज जूनियर।
झारखंड वन रक्षक प्रतियोगिता परीक्षा।
झारखंड पीजीटी परीक्षा।

### ये फैसले लिए गए

- **जेएसएससी - सीजीएल और टीडीपीएल की परीक्षाएं रद्दः** टीडीपीएल की ओर से आयोजित की गईं सभी परीक्षाएं और उनके सभी रिजल्ट्स को रद्द कर दिया गया है।
- **2014 से अब तक की सभी परीक्षाओं की जांचः** वर्ष 2014 से लेकर अब तक जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं, वे सभी अब जांच के दायरे में होंगी।
- **रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में होगी संपूर्ण जांचः** पूरे मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में संपूर्ण जांच कराई जाएगी।
- **एसआइटी और सीआईडी को सख्त निर्देश :** मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच एजेंसियों को मामले की तह तक जाकर पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए।

### पकड़ा जायेगा मास्टर माइंड

वहीं, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आंदोलन कर रहे छात्र नेता दवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जांच बहुत बारीकी से हो। इसमें शामिल हर भ्रष्ट व्यक्ति को पकड़ा जाये। इन गिरोहों के पीछे जो मास्टरमांइड है, उसे पकड़ा जाये। उन्होंने इन परीक्षाओं को रद्द करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आंदोलन कर रहे छात्रों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। प्रोजेक्ट भवन के पास मौजूद सैकडों छात्रों ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारेबाजी की।

## सीबीआई जांच की मांग पर अड़े छात्र, आंदोलन रहेगा जारी



**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच और छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो गुट ने मुख्यमंत्री की ओर से परीक्षाओं को रदद करने की घोषणा के बाद भी आंदोलन जारी रखने की बात कही है। जयपाल सिंह स्टेडियम में रिफॉर्म मंच के छात्र अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया कि सिर्फ परीक्षा रद्द करने से आंदोलन समाप्त नहीं होगा। छात्रों ने कहा कि जेपीएससी और सीजीएल सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित गड़बड़ियों की सीबीआई जांच होने तक आंदोलन जारी रहेगा। छात्र उमेश प्रसाद ने कहा कि सीबीआई जांच के बगैर छात्रों की मांग पूरी नहीं मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई जरूरी है। मंच की ओर से छात्र प्रसन्नजीत कुमार सहित अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार ने अपनी बात सामने रखी है, लेकिन आंदोलन की मुख्य मांगों पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक रिफॉर्म मंच का आंदोलन जारी रहेगा। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य न सिर्फ किसी एक परीक्षा को रद्द कराना नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कराना है। इस मांग को लेकर छात्र आगे भी आंदोलन को जारी रखेंगे।

40 लाख की वसूली का आरोप

### अजीता भट्टाचार्य का पीए बीएन राम गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीआईडी ने जेपीएससी की तत्कालीन सदस्य डॉ. अजीता भट्टाचार्य के निजी सहायक (पीए ) बीएन राम को गिरफ्तार किया गया है। उन पर जेपीएससी के साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को मैनेज कराने के नाम पर करीब 40 लाख रुपये की वसूली करने का आरोप है। जांच एजेंसी को आशंका है कि साक्षात्कार में अंक बढ़वाने और चयन सुनिश्चित कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से बड़ी रकम की मांग की गई थी। इसी मामले में बीएन राम की भूमिका की जांच की जा रही थी। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सीआईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। वहीं, जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल. खियांग्ते से भी सीआईडी ने लगातार दो दिनों तक पूछताछ की। पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेपीएससी में कथित गड़बड़ी, साक्ष्य से छेड़छाड़ और परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने से जुड़े मामलों में सीआईडी पहले से ही जांच कर रही है।


### जेएसएससी कार्यालय में सीआईडी की छापेमारी, पूछताछ जारी

**रांची।** नियुक्ति घोटाले में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कार्यालय में सीआईडी की छापेमारी चल रही है। सीआईडी ने यह कार्रवाई नियुक्ति घोटाले में अब तक की जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर की है। जानकारी के अनुसार सचिव सुधीर गुप्ता सहित जेएसएससी के सदस्यों से पूछताछ चल रही है। इतना ही नहीं सुधीर गुप्ता के घर पर भी छापेमारी चल रही है। दरअसल जेपीएससी में नियुक्ति घोटाले में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा कर्मचारी चयन आयोग में भी नियुक्तियों के दौरान पैसों के लेनदेन की बात स्वीकार किया गया था। इसके अलावा परीक्षा में हुई गड़बड़ी से संबंधित दूसरे मुद्दों की भी जानकारी दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित विभिन्न पदों के लिए हुई नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की बात स्वीकार की थी। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी और जेएसएससी की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाले की बातें सामने आ रही है। अभय तिवारी नामक सख्श ने दोनों संस्थानों के अधिकारियों और परीक्षा लेने वाली एजेंसी से सांठगांठ कर लाखों रुपये लेकर सीटें बेच दी हैं। अभय तिवारी समेत 20 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। जेपीएससससी के पूर्व चेयरमैन एल ख्यांग्ते को भी सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को लेकर झारखंड के छात्र आंदोलन कर रहे हैं। झारखंड की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। छात्रों ने 20 अगस्त को मुख्यमंत्री का आवास घेरने की चेतावनी दी है। इससे पहले छात्र विधानसभा का घेराव कर चुके हैं। कई छात्र पिछले 24 दिनों से अनशन पर है। छात्रों का आंदोलन सरकार के लिए परेशानी बनती जा रही है। छात्र अब सीआईडी की कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि इसी सीआईडी ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की जांच की थी। सीआईडी ने अपनी रिपोर्ट में पेपर लीक होने की बात से इंकार किया था। लेकिन अब यह बात सामने आ रही है कि जेएसएसी-सीजीएल परीक्षा का भी पेपर लीक हुआ था।

**बिहार से जुड़े जेपीएससी परीक्षा घोटाले के तार**

# आरा का मिथिलेश सिंह गिरफ्तार

**आराः** जेपीएससी पेपर लीक के तार अब भोजपुर जिले से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। यहां के चरपोखरी के रहने वाले मिथिलेश सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। मिथिलेश सिंह चरपोखरी के दिवंगत ललित किशोर सिंह का बेटा है। उसकी गिरफ्तारी सीआईडी की टीम ने देश की राजधानी दिल्ली से की है। पता चला है कि मिथिलेश सिंह खढरउ परीक्षा घोटाले की एक अहम कड़ी था।



### आयोग से कॉपी ही निकलवा लेता था

मिथिलेश सिंह चरपोखरी थाना क्षेत्र के पसौर गांव के रहने वाला है। कहा जा रहा है कि भोजपुर जिले के रहने वाले मिथिलेश सिंह की पकड़ इतनी मजबूत थी कि वह आयोग के कार्यालय से कॉपी ही निकलवा लेता था। इसके बाद सेटिंग करके अभ्यर्थियों से कॉपी लिखवाता था। इसके लिए वो कैंडिडेट्स से लाखों रुपयों में वसूली करता था। बताया जा रहा है कि उसकी सेटिंग खढरउ में इस कदर हो गई थी कि वो वहां से कुछ भी निकलवा लेने में सक्षम हो गया था।

### दूर-दूर तक थी मिथिलेश की पकड़

मिथिलेश सिंह की गिरफ्तारी यूं ही नहीं हुई। खढरउ परीक्षा घोटाले में पकड़े गए आरोपियों से जब सीआईडी की टीम ने पूछचाछ की तो एक नया नाम उभर कर सामने आया। ये नाम था मिथिलेश सिंह का। गांव में

### शातिर तरीका : 11 छात्रों से 1.10 करोड़ वसूले

हालांकि इस कंपनी के निदेशक मंडल में मिथिलेश सिंह शामिल नहीं है। मिथिलेष इसके अलावा बिहार, राजस्थान, पंजाब और तेलंगाना में भी परीक्षा गड़बड़ियों में शामिल रहा है। आरोपी मिथिलेश उर्फ आरके इसके पहले 4 बार पहले भी जेल जा चुका है। सीआईडी के द्वारा उसकी गिरफ्तारी इस मामले में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरोह के सदस्यों ने जेपीएससी 14वीं सिविल सेवा परीक्षा में 24 अभ्यर्थियों से परीक्षा पास कराने की सेटिंग की थी। इसमें से 11 अभ्यर्थियों से 1 करोड़ 10 लाख रुपए कथित तौर पर वसूले गए थे। भोजपुर जिले के रहने वाले मिथिलेश उर्फ आर के की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में और अहम सबूत मिलने की संभावना जताई जा रही है। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही गांव के लोग सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि कभी कभार मिथिलेश गांव आता था और फिर वापस चला जाता था। लेकिन उसकी कारगुजारी के बारे में किसी को कुछ पता नहीं था। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद मिथिलेश सिंह को लेकर झारखंड पुलिस और सीआईडी की टीम उसके गांव पसौर भी पहुंची थी और वापस लौट गई।









# पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने डॉ मनीष सिंह के निजी क्लिनिक व न्यू मानस मेडिकल हॉल का किया उद्घाटन



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले के जाने माने सुप्रसिद्ध फिजिशियन, कार्डियो एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष कुमार सिंह की निजी क्लिनिक एवं न्यू मानस मेडिकल हॉल का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। स्वतंत्रता दिवस के दिन चिनिया रोड स्थित जीपी प्लाजा के बगल में उद्घाटित निजी क्लिनिक में मरीजों के लिये प्रायः सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। बैठने की आरामदायक व्यवस्था, शौचालय, शुद्ध पेयजल, विभिन्न प्रकार की जांच एवं दवा के लिये मेडिकल हॉल उपलब्ध कराया गया है। इस मौके पर उद्घाटनकर्ता पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने क्लिनिक की प्रशंसा करते हुये कहा कि डॉ मनीष सिंह गढ़वा के अच्छे चिकित्सक हैं। उनका मरीजों के साथ व्यवहार और डायग्नोसिस उच्च स्तरीय है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यहां इलाज के लिये जो भी मरीज आयें पूर्णतः स्वस्थ्य होकर लौटें। डॉ मनीष सिंह ने कहा कि उनका परम उद्देश्य मरीजों का सर्वश्रेष्ठ इलाज करना है। मरीजों को उनके रोगों के बारे में साफ साफ बताना उनकी आदत में शामिल है। कम से कम खर्च में मरीजों का इलाज हो, इसका सदैव ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर ऑन-कॉल चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। नगर परिषद अध्यक्ष आशीष सोनी उर्फ दौलत सोनी ने भी डॉ मनीष सिंह और न्यू मानस मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर गुड्डू तिवारी को शुभकामनाएं दी। मौके पर विजय कुमार सिंह, डॉ शमशेर सिंह, डॉ असजद अंसारी, डॉ महजबी यमानी, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ पी कश्यप, जितेंद्र सिंह, चुन्नू सिंह, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, अभिमन्यु सिंह, रमेश चंद्रवंशी सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक, चिकित्सक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अडेट्स

### झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार सह सचिव बदले

रांची। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने झारखंड स्टेट फार्मेसी काउसिल, बरियातु, रांची के रजिस्ट्रार सह सचिव के पद पर प्रशासनिक बदलाव किया है। सोमवार को विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत वर्तमान रजिस्ट्रार सह सचिव प्रशांत कुमार पाण्डेय के स्थान पर रंजीत कुमार चौधरी को औपबंधिक प्रभार सौंपा गया है। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव दिनेश कुमार यादव के हस्ताक्षर से जारी कार्यालय आदेश 17 अगस्त 2026 को प्रभावी किया गया है। विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रंजीत कुमार चौधरी वर्तमान में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में सहायक निदेशक (औषधि)-क के पद पर कार्यरत हैं। विभाग ने उन्हें झारखंड स्टेट फार्मेसी काउसिल के रजिस्ट्रार सह सचिव का औपबंधिक प्रभार प्रदान किया है। विभागीय कार्यालय आदेश के अनुसार, प्रशांत कुमार पाण्डेय को 14 अक्टूबर 2024 के विभागीय कार्यालय आदेश के माध्यम से झारखंड स्टेट फार्मेसी काउसिल के रजिस्ट्रार सह सचिव का औपबंधिक प्रभार दिया गया था। इसके बाद तीन जुलाई 2026 को काउसिल के अध्यक्ष को पत्र भेजकर पाण्डेय के स्थान पर अन्य नामों की अनुशंसा करने को कहा गया था। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बावजूद इस संबंध में जवाब प्राप्त नहीं हुआ।

**मनरेगा** बिलासपुर पंचायत में लूट की मची खुली छूट

# डोभा में डोभा, बगल में डोभा खोद राशि की बंदरबांट

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के बिलासपुर पंचायत में मनरेगा योजना में लूट की खुली छूट मची हुई है। यहां योजनाओं के क्रियान्वयन में नियमों एवं कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुये डोभा में डोभा, डोभा के बगल में डोभा का निर्माण कर लाखों रुपये का बंदरबाट किये जाने का मामला सामने आया है। बिलासपुर पंचायत के ग्रामीण भगवान विश्वकर्मा ने एसडीओ को ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर मनरेगा की योजनाओं की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं सरकारी राशि के बंदरबाट होने से बचाने का अनुरोध किया है। एसडीओ को दिये आवेदन के अनुसार पंचायत में कई स्थानों पर पुराने डोभा के मेड़ की छिलाई कर उसे नया डोभा दिखाने तथा डोभा के ठीक बगल में दूसरा डोभा बनाकर सरकारी राशि की निकासी किये जाने का आरोप है। ग्रामीणों का दावा है कि इस तरह नियमों को ताक पर रखकर लाखों रुपये की सरकारी राशि की निकासी की गई है।

### अबुआ आवास में भी अनियमितता का आरोप

भगवान विश्वकर्मा ने आवेदन में अबुआ आवास योजना को लेकर भी सवाल उठाये हैं। उनका आरोप है कि जरूरतमंद गरीब और बेघर लोगों को प्राथमिकता देने के बजाय पक्का मकान रखने वाले लोगों को भी आवास योजना का लाभ दिया गया है। जबकि योजना के वास्तविक लाभुकों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। वैसे लोग किसी तरह झुग्गी झोपड़ी में जीवन गुजर बसर कर रहे हैं।

### बिना पौधे लगाये आम बागवानी की राशि निकालने का आरोप

वहीं आम बागवानी योजना में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि कुछ स्थानों पर पौधे लगाये बिना ही योजना की राशि की निकासी कर ली गई। ग्रामीणों ने एसडीओ से पूरे मामले की स्थलीय जांच और अभिलेखों की जांच कराने, दोषी पाये जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा सरकारी राशि की रिकवरी कराने की मांग की है।

## नाग पंचमी पर निकली जलयात्रा, मंदिर में दिनभर पूजा



**रमना :** प्रखंड के भागोडीह गांव में नाग पंचमी का त्योहार धूम-धाम से मनाया गया। नागपंचमी पूजा को लेकर सर्वप्रथम जलयात्रा निकाली गई। नाग बाबा मंदिर पोखरा टोला से निकाली गई जलयात्रा इमली टोला, देवी धाम, मुरली टोला ,शिव मंदिर होते हुये भागोड़ीह -करके संगम तट पहुंचा, जहां से जल भरने के पश्चात पुनः कलश को नाग बाबा मंदिर में स्थापित किया गया। तत्पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। विदित हो कि नागपंचमी के दिन ग्रामीण नमक से बने भोजन का सेवन नहीं करते है। नाग बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिये पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर सोमनाथ पासवान, उपेंद्र ठाकुर, जितेंद्र चौधरी, अर्जुन चौधरी, धर्मेंद्र यादव, रिंकू चौधरी, रविंद्र यादव, भोला भैया, शंकर चंद्रवंशी, सुखिया देवी, कलपती देवी, सोनी देवी, आरती देवी, कुलवंती देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बख्श बाबा के मंदिर की परिक्रमा कर जयकारे लगाते ही छू मंतर हो जाता है विषधर का विष



**रेहला :** थाना क्षेत्र के कधवन गांव में एनएच 39 के बगल में बख्श बाबा का प्राचीन मंदिर अवस्थित है। आसपास के लोगों का आस्था का केंद्र बन चुका बख्श बाबा के मंदिर में किसी भी विषधर जीव काटने पर वहां जीवनदान मिल जाता है। यही कारण है कि केवल आसपास के लोगों का ही नहीं वरण दूसरे जिले और पड़ोसी राज्य के भी लोग जिन्हें कोई विषधर जीव काट लेता है वहां पहुंचते हैं। नाग पंचमी के दिन आसपास के करीब 15-20 गांव के लोग जुटकर धूमधाम से पूजा पाठ कर मन्दिर परिसर में झंडा गाड़ते हैं। नाग पंचमी के दिन आसपास के घरों में लोग उपवास के बाद मीठा भोजन करने की परंपरा हैं। वहां पंचमी की पूर्व संध्या से ही अखंड कीर्तन शुरू हो जाता है जो सुबह तक चलता है। अखंड समाप्त होते ही नाग बाबा की पूजा अर्चना शुरू हो जाती है। सभी घरों से लोग झंडा और दूध लावा लाकर चढ़ाते हैं। दोपहर में पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। पुजारी मथुरा पाठक बताते हैं कि मान्यता है कि कोई भी विषधर अगर किसी को काट लेता है तो उसे वहां पहुंचने पर जीवनदान मिल जाता है। उन्होंने बताया कि गढ़वा पलामू के लोग तो आते ही हैं दूसरे राज्य से भी लोग आते हैं और च्वंगा होकर अपने घर जाते हैं। वैसे सभी लोग भी नागपंचमी के दिन आकर पूजा पाठ करते है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो चार या इससे भी अधिक वैसे लोग वहां पहुंचते हैं जिन्हें कोई विषैले जीव जंतु काट लेता है। पुजारी ने बताया कि इस वर्ष कई गांवों से सांप काटे हुये लोग आये थे जो यहां से बख्श बाबा की कृपा से च्वंगा होकर घर वापस गये। यह मान्यता है कि पीड़ित के साथ जो लोग रहते हैं वे मंदिर की परिक्रमा कर बख्श बाबा के जयकारे लगाते है। वहीं पीड़ित के सिर पर मिट्टी के बर्तन से पानी अनवरत गिराया जाता है। मिट्टी के बर्तन के निचले हिस्से में एक छोटा सा छिद्र होता है उसी के सहारे पानी पीड़ित के सिर पर गिराया जाता है। ऐसा करने से कोई भी पीड़ित च्वंगा होकर चला जाता है। कधवन गांव समेत पांडु थाने के कजरु खुर्द में स्थित बख्श बाबा मन्दिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर बाहर से आये कलाकारों का प्रदर्शन देखकर रोमांचित हो गये। लव कुमार विश्वकर्मा ने बताया इस बार श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ पहुंचकर पूजा अर्चना किया। वहीं उंटारी रोड के कुटमु में अवस्थित नाग मन्दिर में जुटे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। मंदिर कमेटी की ओर से वृहद भंडारे का भी व्यवस्था किया गया था। जिसमे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह नावा बाजार प्रखंड के कई नाग मन्दिरों में भी नाग देवता की पूजा अर्चना की गई। वहीं मन्दिर परिसर में मेला भी लगा। जिसमें खासकर बच्चे अपनी मनपसंद सामानों की खरीदारी के साथ भरपूर आनंद उठाते हैं।

**प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के अंडर 15 बालिका वर्ग के मैच**

# कस्तूरबा गढ़वा, भवनाथपुर, आरके पब्लिक अपने अपने मैच जीते

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** प्रथम गढ़वा जिला अंतर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के अंडर 15 बालिका वर्ग के के पहले मैच में कस्तूरबा गढ़वा ने कस्तूरबा मझिआंव को दो गोल से व आरके पब्लिक गढ़वा ने कस्तूरबा बरडीहा को दो गोल से हराया। तीसरे मैच में कस्तूरबा मझिआंव व कौटिल्य पब्लिक स्कूल के बीच खेले गये मैच बराबरी पर रहा। चौथे मैच में कस्तूरबा भवनाथपुर ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को 1-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किया। पांचवे मैच में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल और कस्तूरबा विद्यालय डंडई के बीच खेला गया मैच बराबरी पर रहा। कस्तूरबा विद्यालय भवनाथपुर ने आस्था डीपीएस मेराल के विरुद्ध वॉक ओवर दिया गया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल व कस्तूरबा विद्यालय डंडई के बीच खेला गया मैच बराबरी पर रहा। वहीं आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को पब्लिक स्कूल ब्राइट फ्यूचर के विरुद्ध वॉक ओवर दिया गया। राउंड रॉबिन लीग के तहत बालिका वर्ग के मैच में कस्तूरबा विद्यालय गढ़वा की ओर से स्वाती रानी और सुचिता टोप्पो, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा टीम की ओर से काजल कुमारी, दीपिका पाल, कस्तूरबा विद्यालय की ओर से रीना कुमारी ने गोल किया। प्रतियोगिता जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला कॉर्डिनेटर कमलेश कुमार दुबे, समिति के उपाध्यक्ष जिनाहुद्दीन खान, धर्मराज भारती, कार्यकारी सचिव आनंद सिन्हा, सहसचिव प्रिंस सोनी, आनंद यादव, रेफरी शशि रंजन, विजय सिंह संजय प्रताप देव सुशील कुमार, शशि कुमार, सोनू सिंह, उद्घोषक मनोज तिवारी आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा के कोच इम्तियाज खान, बीएसकेडी के कोच राजकुमार आर के पब्लिक मझिआंव के कोच जय गोविंद ठाकुर, ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के कोच मुकेश भारती उपस्थित थे।





















# मिशन समृद्धि के आंगन में सावन महोत्सव की झंकार

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर:** मिशन समृद्धि संस्था की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी सावन महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत-संगीत, नृत्य और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर सावन की खुशियों को साझा किया। संस्था की ओर से शिक्षा, जरूरतमंदों की सेवा, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें जीवनोपयोगी शिक्षा देने का कार्य वर्षभर किया जाता है। कार्यक्रम को लेकर संस्था की शीला श्रीवास्तव ने कहा कि सावन भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। खासकर महिलाओं के बीच सावन का उत्सव उमंग और उल्लास का प्रतीक है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष सावन महोत्सव आयोजित किया जाता है। महोत्सव में महिलाओं ने समूह में गीत-संगीत एवं अन्य प्रस्तुतिय मनोरंजन के लिए पर्ची खेल और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई। पर्ची में लिखे शब्दों के आधार पर प्रतिभागियों को गीत गाने और अभिनय करने की चुनौती दी गई, जिसने खूब मनोरंजन किया। म्यूजिकल चेयर में पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला की पुत्री खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि चंदा तिवारी दूसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में अधिवक्ता वीणा मिश्रा, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, डॉ. अमिता, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या सोनी गुप्ता, आकाशवाणी उद्घोषिका निर्मला पांडेय, कवयित्री आभा मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। शीला श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, आशा शर्मा, वीणा राज, डॉ. देव प्रकाश, आदर्श बोल्टू, हिमांशु चतुर्वेदी समेत सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

## न्यूज अपडेट्स

### राजस्व व लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश : डीसी

**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के साथ सभी लंबित मामलों का नियमानुसार और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा में खनन विभाग द्वारा जुलाई तक 57.54 करोड़, उत्पाद विभाग द्वारा वार्षिक लक्ष्य का 34.66 प्रतिशत, जिला अवर निबंधक कार्यालय मेदिनीनगर द्वारा 40.36 प्रतिशत तथा हुसैनाबाद द्वारा 24.35 प्रतिशत राजस्व संग्रहण की जानकारी दी गई। जीएसटी में 159.04 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 54.18 करोड़, नगर निगम मेदिनीनगर में 16.04 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 7.21 करोड़ तथा परिवहन विभाग में 85.59 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 29.16 करोड़ रुपये संग्रहित किए गए हैं। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग को सीमा क्षेत्रों में अवैध शराब के आवागमन पर रोक के लिए सघन अभियान चलाने तथा विधिक माप विज्ञान विभाग को पेट्रोल पंप, एलपीजी, खाद, पीडीएस सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की नियमित जांच का निर्देश दिया। उन्होंने अंतरविभागीय भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया एक पक्ष के भीतर पूरा करने, आपदा प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा देने तथा नीलाम पत्र, ई-राजस्व न्यायालय, नामांतरण और रिट याचिकाओं के लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही या अनावश्यक विलंब मिलने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। योजनाओं और भवनों का चयन भी जनहित एवं उपयोगिता को ध्यान में रखकर करने का निर्देश दिया।

**अध्यात्म** सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवालियों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# श्री बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक







### बोल बम व हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा श्री बंशीधर नगर

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी को श्री बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर समेत श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने बोल बम व हर हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। तीसरी सोमवारी एवं नागपंचमी होने के कारण सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना करने को लेकर अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगने लगी थी, जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर भक्तों की भीड़ से पूरा परिसर भरा हुआ था। गांव से लेकर शहर तक हर हर महादेव, जय महाकाल, जय भोलेनाथ एवं बोल बम की गुंज थी। भक्तों के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, भांग, धतूरा आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर अभिषेक किया तथा सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्री बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी शिव मंदिर में झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं भगवान शिव की पूजा की। भक्तों की भारी भीड़ होने के कारण मंदिर समिति एवं पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करना पड़ा। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने मंदिर पहुंच कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया।

#### इन शिवालयों में भी लगी भक्तों की भीड़

श्री बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर के अलावे श्री पंचमुखी महादेव मंदिर चचेरिया, श्री आशुतोष महादेव मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर पाल्हे कला, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर जतपुरा, शिव मंदिर उसका कला, गायत्री शक्तिपीठ जंगीपुर, शिव मंदिर वन परिसर, शिव मंदिर हेन्हों मोड़, शिव मंदिर ब्लॉक मोड़ सहित अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की। पूजा अर्चना को लेकर मंदिरों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ लगी रही।

**वनवासी कल्याण केंद्र की मेदिनीनगर महानगर समिति का पुनर्गठन**

# मदनमोहन अध्यक्ष व प्रमोद केशरी सचिव

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर:** वनवासी कल्याण केंद्र पलामू इकाई की मेदिनीनगर महानगर समिति का सत्र 2026-29 के लिए पुनर्गठन किया गया। शहर के बैंक कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सह जिला सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने की, जबकि संचालन विभाग संगठन मंत्री राजेश्वर उरांव ने किया। बैठक में प्रांत सह संगठन मंत्री कामश्वर साहू और क्षेत्रीय नगरीय प्रमुख हिरेंद्र सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई महानगर समिति का गठन किया गया। इसमें मदन मोहन पांडेय को अध्यक्ष और प्रमोद केशरी को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। श्याम किशोर और रामेशचंद्र द्विवेदी को संरक्षक बनाया गया। वहीं विवेकानंद पांडेय, महेंद्र चौधरी और प्रदीप कुमार सिन्हा को उपाध्यक्ष, संतोष कुमार दास को सह सचिव तथा राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा प्रिंस कुमार को चिकित्सा प्रमुख, ओम प्रकाश प्रजापति को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुमन कुमार, शशि आलोक सिन्हा और दीपक वर्मा को शामिल किया गया। क्षेत्रीय नगरीय प्रमुख हिरेंद्र सिन्हा ने कहा कि वनयोगी बालासाहेब देशपांडेय ने 1952 में संगठन की स्थापना की थी, जो आज देशभर में सेवा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वनवासी और शहरवासी अलग नहीं, बल्कि सभी भारतवासी हैं। संगठन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में वनवासी समाज के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और स्वावलंबन सहित विभिन्न आयामों के माध्यम से कार्य कर रहा है। अश्विनी कुमार मिश्रा ने नई समिति के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आपसी समन्वय के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मौके पर संगठन से जुड़े कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ की धरती पर सम्मान मिलना गर्व की बात : शौकत खान



**गढ़वा :** राष्ट्र सेवा, शहीदों के सम्मान और समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले तिरंगा वाले शौकत खान को सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट अजय कुमार वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कैंपस स्थित कमांडेंट कार्यालय में हुये सम्मान समारोह में हर घर तिरंगा अभियान और जरूरतमंदों की सेवा के लिये उनके कार्यो की सराहना की गई। बताया गया कि शौकत खान ने करीब 13 वर्ष पूर्व भारतीय सेना, झारखंड पुलिस और शहीदों के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की थी। उनके अनुसार अभियान के माध्यम से देशभर में लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों के लिये प्रेरित किया गया। वह अब तक तीन लाख से अधिक जरूरतमंद लोगों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर चुके हैं। इसके अलावा करीब दस वर्षों से शौकत खान गरीबों की मदद के लिये नि:शुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक और पुस्तक बैंक चला रहे हैं। सम्मान मिलने के बाद शौकत खान ने कहा कि सीआरपीएफ की उसी धरती पर सम्मानित होना उनके लिये बेहद गौरव का क्षण है।

# शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज में चोरी, आलमारी तोड़कर कागजात खंगाले, सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के महदेईया में स्थित शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज में चोरी की घटना सामने आने से कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। चोरों ने कॉलेज के मुख्य गेट का ताला तोड़ने के बाद प्राचार्य एवं प्रधान सहायक के कमरों में रखी अलमारियों के ताले भी तोड़ दिये और जरूरी फाईलों व कागजात को अस्त-व्यस्त कर दिया। कॉलेज के गार्ड ब्रह्मा सिंह ने बताया कि रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उन्होंने कॉलेज की लाईट बंद देखी। उन्हें लगा कि शायद बल्ब फ्यूज हो गया होगा। इसके बाद वे दूसरे मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चले गये और वहां से टॉर्च की रोशनी में बाहर का जायजा लिया, लेकिन उस समय सब कुछ सामान्य दिखाई दिया। सुबह करीब पांच बजे जब वे टहलने के लिये नीचे उतरे तो मुख्य गेट की ग्रिल हल्की खुली मिली। पास जाकर देखा तो ग्रिल का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद प्राचार्य के कमरे का ताला भी टूटा मिला। गार्ड ने तत्काल कॉलेज के प्रधान सहायक मदन सिंह को घटना की जानकारी दी। मदन सिंह ने इसकी सूचना एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी को दी। इसके बाद कॉलेज कर्मियों को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कर्मी कॉलेज पहुंचे, जहां प्राचार्य एवं प्रधान सहायक के कमरे की अलमारियों के ताले टूटे मिले और फाईल-कागजात बिखरे हुये थे। कॉलेज के प्रोफेसर कृष्ण मुरारी सिंह ने आशंका जताई कि कॉलेज के कुछ महत्वपूर्ण कागजात गायब हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उधर सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ कॉलेज पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की भी जांच की, जिसमें दो संदिग्ध लोग दिखाई देने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कॉलेज कर्मियों ने कहा कि स्थापना के बाद से अब तक इस तरह की घटना कभी नहीं हुई थी। कर्मियों ने घटना को गंभीर और निंदनीय बताते हुये पुलिस प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों



की पहचान कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। मौके पर रागिब अहमद, विक्रम ज्योति, अश्वनी कुमार चौबे, दिनेश सिंह, सुनील कुमार, विकास देव, अरविंद गुप्ता, मनीष सिंह, उदय राम, विकी गुप्ता, गंगेश्वर राम, भाजपा नेता लक्ष्मण राम समेत कई कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### रंका पुलिस ने पकड़ा सरकारी अनाज का अवैध कारोबार, दो गिरफ्तार



**रंका :** सरकारी चावल की चोरी कर खरीद-बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद उचित मार्गरक्षी दल के साथ न्यायालय में उपस्थापन के लिये भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 119/26, दिनांक 16 अगस्त 2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजित कुमार उर्फ आशीष कुमार (32) पिता रामलाल राम निवासी रंका थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। वहीं मामले में एक अन्य आरोपी महेन्द्र कुमार कुशवाहा (28) पिता रमेश कुशवाहा निवासी पंचपड़वा थाना व जिला गढ़वा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पर सरकारी चावल की चोरी कर उसकी खरीद-बिक्री करने का आरोप है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सरकारी अनाज की चोरी तथा अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

## पलामू

### एमएमडीआर संशोधन बिल से खनिज संपदा से बढ़ेगा राजस्व

# झारखंड को नहीं होगा नुकसान : सांसद

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के लागू होने से झारखंड को नुकसान नहीं, बल्कि राजस्व और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड देश के प्रमुख खनिज संपदा वाले राज्यों में है। पलामू और गढ़वा में डोलोमाइट, लौह अयस्क, कोयला और चूना पत्थर समेत कई खनिज उपलब्ध हैं। सांसद सोमवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे।

सांसद ने कहा कि विधेयक पर लोकसभा में अपेक्षित बहस नहीं हुई। बिल पेश किए जाने के दौरान विपक्षी सांसदों की चुप्पी भी सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यह कहना तथ्यात्मक रूप से गलत है कि संशोधन से राज्यों का खनिज राजस्व बंद हो जाएगा। उनके अनुसार, वर्ष 2025-26 में कोयला और गैर-कोयला खनिजों से राज्यों को 1,12,549 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि केंद्र का हिस्सा 14,833 करोड़ रुपये रहा। पिछले दशक में राज्यों के खनिज राजस्व में 354 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में झारखंड में 11 खनिज खदानों की नीलामी हुई, लेकिन इनमें से कोई भी अभी परिचालन में नहीं आया। इसके विपरीत ओडिशा में इसी अवधि में 79 खदानों की नीलामी हुई और 35 चालू भी हो गईं। इससे ओडिशा सरकार को करीब 87 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

सांसद ने झारखंड सरकार से नीलाम किए गए सभी खनिज ब्लॉकों को शीघ्र चालू करने, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) की राशि का जिला स्तर पर सार्वजनिक ऑडिट कराने और पलामू-गढ़वा में खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने की मांग की। उन्होंने जपला सीमेंट फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने तथा खनिज संपदा वाले जिलों में स्थानीय युवाओं के रोजगार और कौशल विकास को डीएमएफ व सीएसआर से जोड़ने की भी मांग रखी।

सांसद ने कहा कि केंद्र की सोच झारखंड को केवल खनन आधारित राज्य तक सीमित रखने के बजाय खनिज आधारित औद्योगिक राज्य बनाने की है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडेय और अलख दूबे मौजूद थे।

## मुखिया के प्रयास से शुरू हुआ पानी, मिली बड़ी राहत

**गढ़वा :** रंका प्रखंड के चौधरी मोहल्ला, भुईयां टोला और गढ़देवी टोला में महीनों से खराब पड़े सरकारी बोरवेल में मोटर लगने के बाद पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई। इससे करीब 60 घरों के लोगों को राहत मिली है। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने पानी मिलने पर राहत की सांस ली। बताया गया कि पूर्व मुखिया राजेश कुमार मधेशिया ने वर्तमान मुखिया रंजीत सोनी के नेतृत्व में बोरवेल में मोटर स्थापित कर पानी की आपूर्ति शुरू कराई। घनी आबादी वाले क्षेत्र में बोरवेल खराब होने से लोगों को प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा था। गर्मी के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती थी। महिलाओं को दूर से पानी लाने में काफी समय लग रहा था, जबकि कर्मचारी, विद्यार्थी और पशुपालक भी प्रभावित थे। चौधरी मोहल्ला के वार्ड सदस्य अभिषेक कुमार चौधरी, समाजसेवी दिलीप कुमार चौधरी और अमर सिंह ने बताया कि पेयजल की समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई थी। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने भी ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ समस्या के समाधान के लिये अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क किया। समाजसेवी अमर सिंह ने कहा कि बोरवेल में मोटर लगाने के साथ पाइपलाइन की मरम्मत और विस्तार का काम भी किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं पर लगातार ध्यान दिया जायेगा। मौके पर भोला कुमार, सनोज कुमार, सुकुल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, सुरेश चौधरी, सबदर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मंसूर अंसारी, अनूप कुमार, विवेक कुमार चौधरी, भास्कर कुमार, यस राज और रामानुज विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।



### उमेश अग्रवाल, संजय सिंह, राहुल साहू और प्रत्युष शांडिल्य बने अध्यक्ष




**गढ़वा :** नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से लायंस क्लब का समारोह आयोजित हुआ। इसमें एक साथ चार महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुये। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का 15 वां इंस्टॉलेशन, लायंस क्लब ऑफ रेहला का चार्टर इंस्टॉलेशन, लियो क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का तीसरा इंस्टॉलेशन तथा लियो क्लब ऑफ गढ़वा ब्लॉसम का चार्टर इंस्टॉलेशन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इंडक्शन ऑफिसर पीडीजी एमजेएफ लायन सुषमा त्रिवेदी तथा इंस्टॉलेशन ऑफिसर पीडीजी पीएमसीसी लायन राजीव लोचन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा। विशिष्ट अतिथि फर्स्ट वाइस डिस्ट्रीक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन कंचन कुमार साहू, लायन डॉ आरएनएस दिवाकर, रिजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन रवींद्र जायसवाल, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ असजद अंसारी, लायन अनुपमा लोचन और इंस्टॉलेशन चेयरपर्सन लायन राकेश पाल समेत कई लायन लीडर्स मौजूद रहे। चारों क्लबों के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी क्रमश लायन उमेश अग्रवाल, लायन संजय कुमार सिंह, लियो राहुल साहू और लियो प्रत्युष शांडिल्य को सौंपी गई। सभी ने सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। समारोह का प्रमुख आकर्षण गढ़वा ऑसम द्वारा लायंस क्लब ऑफ रेहला और लियो क्लब ऑफ गढ़वा ब्लॉसम को स्पॉन्सर कर नये क्लबों का गठन करना रहा। रेहला क्लब के गठन में लायन कंचन साहू, लायन राकेश पाल, लायन संजय सिंह, लायन कृपा शंकर सिंह, लायन नीरज सिंह और लायन ज्वाला गुप्ता की विशेष भूमिका रही। इस दौरान लायन कंचन कुमार साहू का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम का समापन वी सर्व की भावना के साथ समाजहित में सेवा कार्यों को और व्यापक बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन की बैठक में किसानों के प्रशिक्षण का निर्णय



**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक डीसी-सह-अध्यक्ष पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 की कृषि योजनाओं के तहत किसानों के हित में कई प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आत्मनिर्भरता इन पल्सेस योजना के तहत खरीफ मौसम में 260 हेक्टेयर में अरहर का संकुल प्रत्यक्षण, अरहर के 6500, उरद के 1250 और मूंग के 250 मिनी किट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रबी मौसम में 80 हेक्टेयर में मसूर तथा चना और मसूर के क्रमश 660 और 1400 मिनी किट का लक्ष्य रखा गया है। खरीफ में अरहर व अन्य दलहनी फसलों के निर्धारित प्रत्यक्षण की घटनोत्तर स्वीकृति भी समिति ने प्रदान की। किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत अरहर 960 क्विंटल, मूंग 40, उरद 190, चना 240 और मसूर 380 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पुराने प्रमाणित बीज की श्रेणी में भी अरहर, मूंग, उरद, चना और मसूर के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में किसानों के प्रशिक्षण, कृषि यंत्र वितरण और आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। फसल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिये 33 प्रतिशत अनुदान पर अधिकतम 25 लाख रुपये तक सहायता देने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। तिलहन मिशन के तहत जागरूकता के लिये वीडियो फिल्म, सफलता की कहानी तथा पंपलेट-लिफलेट तैयार कराने की भी स्वीकृति दी गई। बैठक में डीडीसी प्रेमलता मुर्मू, जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### प्रकाश आई केयर अस्पताल का शुभारंभ, हर सोमवार विशेषज्ञ नेत्र जांच की सुविधा

# मरीज डॉक्टर के पास रोते नहीं, मुस्कुराते हुए जाएं : एसडीएम

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** बैरिया चौक स्थित चंद्रा रेजिडेंसी होटल के सामने प्रकाश आई केयर अस्पताल का शुभारंभ सोमवार को हुआ। सदर एसडीएम संजय पांडेय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण शुक्ला, वरीय कांग्रेस नेता दीनानाथ तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विमला कुमारी, अधिवक्ता रुचिर तिवारी, अधिवक्ता नंदलाल सिंह, भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय, डॉ. विपुल गुप्ता, शंकर नेत्रालय के पूर्व चिकित्सक डॉ. प्रकाश परिमल और शशिनाथ चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अस्पताल का उद्घाटन किया। उस मौके पर अतिथियों को अस्पताल प्रबंधन ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उस मौके पर एसडीएम संजय पांडेय ने कहा कि चिकित्सक को ईश्वर का रूप माना जाता है। मरीज डॉक्टर के पास विश्वास लेकर आता है। चिकित्सकों का प्रयास होना चाहिए कि मरीज इलाज और भरोसा लेकर मुस्कुराते हुए घर लौटे। उन्होंने कहा कि अस्पताल खुलने से पलामू प्रमंडल के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा मिलेगी। डॉ. अरुण शुक्ला ने कहा कि पहले गंभीर नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार के लिए रेहला जाना पड़ता था। अब मेदिनीनगर में सुविधा मिलने से मरीजों को राहत मिलेगी। अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रकाश परिमल ने कहा कि यहां अस्पताल खोलना व्यवसाय नहीं, सेवा का संकल्प है। प्रत्येक सोमवार सुबह 10 से शाम पांच बजे तक नेत्र जांच व विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा। दीनानाथ तिवारी ने डॉ. परिमल की सेवा भावना की सराहना की। मौके पर लोकेश चंद्रा, कृष्णा गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन श्रेया मिश्रा ने किया।



## बरुन सोबती के नए प्रोजेक्ट 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' की घोषणा

अभिनेता बरुन सोबती की आगामी फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। हाल ही में वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' में नजर आए बरुन अब इस खोजी-ड्रामा के जरिए दर्शकों के बीच लौटने के लिए तैयार हैं। निमार्ताओं ने फिल्म की वैश्विक रिलीज की घोषणा के साथ इसका पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म में बरुन सोबती के साथ निमिषा सजयन और अंशुमान पुष्कर अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अंबिएका पंडित के निर्देशन और अमिता व्यास के लेखन में बनी 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' का निर्माण सौरभ मल्होत्रा, मनुज मित्रा और टीना थारवानी ने फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। फिल्म की कहानी बबीता सिंह उर्फ 'बेबी' नाम की एक महिला पुलिसकर्मी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उसके विभाग और समाज में लगातार कमतर आंका जाता है। हालांकि, एक हत्या की जांच के दौरान उसके निलंबन के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है। फिल्म में हत्या की गुत्थी के साथ बबीता की निजी जिंदगी और पारिवारिक संघर्षों को भी कहानी का अहम हिस्सा बनाया गया है। 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' का प्रीमियर 28 अगस्त 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा और इसे दुनियाभर के दर्शक देख सकेंगे। खोजी कहानी, महिला पुलिस अधिकारी के संघर्ष और सामाजिक दबाव के बीच फिल्म किस तरह अपनी कहानी आगे बढ़ाती है, यह इसकी रिलीज के बाद देखने वाली बात होगी।

## 'मालामाल वीकली 2' के लिए बनी बड़ी जोड़ी



परेश रावल की चर्चित कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'मालामाल वीकली' की अगली कड़ी 'मालामाल वीकली 2' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। फिल्म में नए कलाकारों के जुड़ने के बाद अब इसके निर्माण को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खबरों के मुताबिक, फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने के लिए निमार्ता सुभाष काले और एस. चंद्रप्रकाश जैन साथ आए हैं। फिल्म का निर्देशन अमित जोशी करेंगे और टीम इसे एक बड़े थिएट्रिकल कॉमेडी एंटरटेनर के तौर पर पेश करने की तैयारी में है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, निमार्ताओं ने फिल्म के लिए मजबूत प्रोडक्शन और वित्तीय सपोर्ट को ध्यान में रखते हुए यह साझेदारी की है। सुभाष काले के पास पद्मावत और स्त्री जैसी फिल्मों में तकनीकी और प्रोडक्शन से जुड़े काम का अनुभव है, जबकि एस. चंद्रप्रकाश जैन लंबे समय से व्यापार और वितरण क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की विशेषज्ञता को मिलाकर फिल्म के प्रोडक्शन, वीएफएक्स, पोस्ट-प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन को बड़े स्तर पर तैयार किया जाएगा। 'मालामाल वीकली 2' में परेश रावल के साथ रितेश देशमुख, राजपाल यादव, रवीना टंडन, परिणीति चोपड़ा, शिल्पा शिरोडकर और एल्विश यादव जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। निमार्ताओं का लक्ष्य इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करना है। परेश रावल की लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में नए कलाकारों की एंट्री और बड़े प्रोडक्शन स्केल के साथ यह देखना दिलचस्प होगा कि 'मालामाल वीकली 2' दर्शकों को कितना गुदगुदा पाती है।

## भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल सेठ ने नेपाली सेना को सैन्य और स्वास्थ्य सामग्री सौंपी



## राजा पहाड़ी शिव मंदिर मामले में हाइकोर्ट सख्त

# एसडीओ से पूछा–किस कानून के तहत ट्रस्ट खत्म करने का अधिकार मिला




**गढ़वा/रांची।** श्री बंशीधरनगर स्थित ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर धाम के प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर दायर मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सुनवाई के दौरान श्री बंशीधरनगर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) से तीखे सवाल करते हुए पूछा कि एक वैधानिक और निबंधित ट्रस्ट को समाप्त कर उसकी जगह नयी समिति गठित करने का अधिकार उन्हें किस कानून के तहत प्राप्त है। अदालत के इस सवाल का एसडीओ स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़वा के उपायुक्त और श्री बंशीधरनगर के एसडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत की ओर से कार्रवाई के कानूनी आधार पर सवाल उठाये जाने के बाद उपायुक्त ने अपनी गलती स्वीकार की। उन्होंने माना कि प्रशासन की ओर से की गयी कार्रवाई क्षेत्राधिकार से बाहर थी।

### ट्रस्ट को दरकिनार कर गठित की गयी नयी समिति

मामला राजा पहाड़ी शिव मंदिर के प्रशासनिक नियंत्रण, मंदिर के पुजारी के सामान को बाहर निकालने और उसकी जब्ती की कार्रवाई से जुड़ा है। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए ट्रस्ट की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर के रखरखाव और संचालन के लिए एक निबंधित ट्रस्ट विधिवत रूप से कार्यरत है। इसके बावजूद स्थानीय लोगों की शिकायत के आधार पर एसडीओ ने प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए ट्रस्ट के अधिकारों को दरकिनार कर दिया और मंदिर के प्रबंधन के लिए नयी व्यवस्था लागू कर दी। आरोप है कि एसडीओ ने एक नयी प्रशासनिक समिति का गठन करने के साथ-साथ स्वयं उसमें सचिव की भूमिका भी संभाल ली। ट्रस्ट ने इसी कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाइकोर्ट का रुख किया। याचिका में कहा गया है कि प्रशासनिक अधिकारी को किसी वैधानिक रूप से निबंधित ट्रस्ट के संचालन में हस्तक्षेप करने अथवा उसे समाप्त कर नयी समिति गठित करने का अधिकार किस कानूनी प्रावधान के तहत मिला, यह स्पष्ट नहीं है।

### अदालत ने मांगा कार्रवाई का कानूनी आधार

सुनवाई के दौरान जस्टिस आनंद सेन ने ऑनलाइन उपस्थित अधिकारियों से सीधे सवाल किया कि आखिर किस कानून के तहत एक वैधानिक और निबंधित ट्रस्ट को समाप्त कर उसकी जगह नयी कमेटी गठित की जा सकती है। अदालत ने विशेष रूप से एसडीओ से यह स्पष्ट करने को कहा कि ऐसी कार्रवाई करने का अधिकार उन्हें किस कानूनी प्रावधान से प्राप्त हुआ। एसडीओ अदालत के सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़वा उपायुक्त ने अदालत के समक्ष स्वीकार किया कि प्रशासन की ओर से की गयी कार्रवाई उनके क्षेत्राधिकार में नहीं थी और इस मामले में गलती हुई है।

### गलत आदेश निरस्त करने का आश्वासन

सुनवाई के दौरान गढ़वा उपायुक्त ने अदालत को आश्वासन दिया कि गलत आदेश को निरस्त किया जायेगा तथा मंदिर की पूर्व स्थिति बहाल करने की कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त के इस आश्वासन के बाद अदालत ने फिलहाल मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हाइकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तारीख निर्धारित की है। अब अगली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि प्रशासन की ओर से विवादित आदेश को निरस्त करने और पूर्व व्यवस्था बहाल करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं। राजा पहाड़ी शिव मंदिर के प्रबंधन को लेकर चल रहे इस विवाद में हाइकोर्ट की सख्ती को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष रूप से किसी निबंधित ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारों में हस्तक्षेप को लेकर अदालत द्वारा मांगा गया कानूनी आधार इस मामले का प्रमुख बिंदु बन गया है।

## तीन सगे भाई बकरी चोरी में धरे गये



**रंका :** पुलिस ने बकरी चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिये भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 120/26, दिनांक 16 अगस्त 2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2), 317(2) एवं 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू अंसारी उर्फ हबीब अंसारी (20), मुस्लीम अंसारी (30) और तसलीम अंसारी (25) शामिल हैं। तीनों चैनपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ीबीर गांव निवासी रफीक अंसारी के पुत्र बताये गये हैं। पुलिस ने बकरी चोरी के आरोप में तीनों को विधिवत गिरफ्तार किया। इसके बाद उचित मार्गरक्षी दल के साथ सोमवार को उन्हें न्यायालय में उपस्थापन के लिये भेजा गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में क्रम संख्या दो और तीन यानी मुस्लीम अंसारी और तसलीम अंसारी पूर्व में भी बकरी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। दोनों के खिलाफ चैनपुर थाना कांड संख्या 31/2026 तथा गढ़वा शहर थाना कांड संख्या 361/2026 में कार्रवाई हुई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों पूर्व में इन मामलों में बकरी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं।

## तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, घर-घर हुई नाग देवता की पूजा



**मझिआंव :** सावन की तीसरी सोमवारी और नागपंचमी का पर्व सोमवार को मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला–पुरुष श्रद्धालुओं ने कोयल नदी समेत अन्य जलस्रोतों से जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मझिआंव के प्राचीन शिव मंदिर चंद्री, राधाकृष्ण मंदिर, खजुरी स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर और गोपालपुर शिव मंदिर समेत बरडीहा प्रखंड के श्रंगारी टोला शिव मंदिर और सेमरी स्थित मारे गुरु मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। मंदिर परिसर हर–हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजते रहे। भक्तों ने भगवान शिव को दूध, दही, बेलपत्र और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। कई मंदिरों में पंडितों ने विधि–विधान से रुद्राभिषेक कराया। इधर नागपंचमी को लेकर मझिआंव में वर्षों पुरानी परंपरा भी निभाई गई। कई परिवारों में सोमवार को सामूहिक रूप से नमक का सेवन नहीं किया गया। स्थानीय मान्यता के अनुसार नागपंचमी के दिन नमक खाने से नाग देवता नाराज होते हैं। घर–घर महिलाओं ने नाग देवता की पूजा की। नाग देवता के चित्र बनाकर दूध, लावा और फूल अर्पित किये गये तथा परिवार की सुख–शांति और सर्पदंश से सुरक्षा की कामना की गई। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। दिनभर शिव भक्ति के गीत और भजनों से वातावरण गूंजता रहा। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये पूजा–अर्चना के लिये विशेष व्यवस्था की गई थी।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने असम में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद की



**रमना :** असम में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिये ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मानवीय पहल शुरू की है। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम–घूमकर चंदा एकत्र किया। पहले दिन संगठन ने 12 हजार चंदा इकट्ठा किया। एकत्रित राशि को असम के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिये भेजने का निर्णय लिया गया है। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बैठा ने कहा कि देश के किसी भी कोने में जब भी प्राकृतिक आपदा या विपदा आती है, संगठन जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहेगा। संगठन के सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ पीड़ित परिवारों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों से सहयोग लिया गया। लोगों ने भी पीड़ितों की मदद के लिये अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग किया। इस अभियान में संगठन के वरीय सदस्य राम विनय विश्वकर्मा तथा सदस्य कयामुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी और संजीव राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भगवान भोलेनाथ सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें, देश की एकता व अखंडता सदैव बनी रहे : मिथिलेश

# मिथिलेश ठाकुर ने पूरे परिवार के साथ किया रुद्राभिषेक, महाप्रसाद का वितरण

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** श्रावण मास के पावन मौके पर पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से जुड़े इस आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। हर-हर महादेव के जयकारे से वातावरण गुंजायमान होता रहा। विद्वान आचार्यों एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर, उनकी पत्नी चंचल ठाकुर, भाई रंजीत ठाकुर, अमरजीत ठाकुर, विनय ठाकुर, रोजी ठाकुर सहित परिवार के सभी सदस्यों, रिष्तेदारों अन्य परिजनों आदि ने रूद्राभिषेक किया। श्री ठाकुर ने भगवान भोलेनाथ से गढ़वा जिला सहित झारखंड एवं देश की खुशहाली, समृद्धि एवं विकास की प्रार्थना की। पूरे वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना रहा। पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक संपन्न होने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि श्रावण का महीना भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिये विशेष महत्व रखता है। इस पवित्र माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद पूरे गढ़वा जिले के साथ-साथ झारखंड और देश के सभी लोगों पर बनी रहे। भगवान शिव सभी लोगों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें। समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव मजबूत हो, भगवान शिव से यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने श्रावण माह की महत्ता का उल्लेख करते हुये कहा कि यह महीना श्रद्धा, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। इस महीने में श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष आराधना करते हैं। मौके पर काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मुख्य रूप से भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, डीसी पशुपतिनाथ मिश्र सहित काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शहरवासी सहित कई पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)